कृषि संकाय द्वारा संवादात्मक सत्र (Interactive Session) का आयोजन

दिनांक 16 अप्रैल 2026 को महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय, गोरखपुर के कृषि संकाय द्वारा संवादात्मक सत्र (Interactive Session) का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में केंद्रीय औषधि एवं सगंध पौधा संस्थान (CSIR-CIMAP) लखनऊ के प्रतिष्ठित वैज्ञानिकों ने विद्यार्थियों को महत्वपूर्ण मार्गदर्शन प्रदान किया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. रमेश कुमार श्रीवास्तव (प्रधान वैज्ञानिक), एवं डॉ. राजेश कुमार वर्मा (मुख्य वैज्ञानिक) उपस्थित रहे। दोनों विशेषज्ञों ने औषधीय एवं सुगंधित पौधों के क्षेत्र में नवीन तकनीकों, अनुसंधान एवं उद्यमिता की संभावनाओं पर विस्तार से प्रकाश डाला।

अपने संबोधन में डॉ. रमेश कुमार श्रीवास्तव (प्रधान वैज्ञानिक, CSIR-CIMAP, लखनऊ) ने संस्थान की गतिविधियों एवं उपलब्धियों के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की।